





नवभारत
भोपाल, शनिवार 20 दिसंबर, 2025


# बांधों के रखरखाव से मिलेगी रैंकिंग

## मड़िया डेम का जल शक्ति मंत्रालय सचिव ने किया निरीक्षण, 60 हजार हेक्टेयर भूमि होगी संचित

नवभारत न्यूज

**सागर 19 दिसंबर. केंद्र सरकार शीघ्र ही बांधों के रखरखाव में रैंकिंग देने का कार्य शुरू करेगी. रखरखाव के लिए स्थाई पॉलिसी तैयार करें. उक्त निर्देश केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय सचिव बीएल कांताराव ने राहतगढ़ विकासखंड के अंतर्गत बने मड़िया डैम के निरीक्षण के दौरान दिए. उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2026 तक डैम के अंतर्गत 60 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी.**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय सचिव श्री कांताराव ने मड़िया बांध का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि बांधों के रखरखाव के लिए स्थाई पॉलिसी तैयार करें जिससे इनका समय पर रखरखाव किया जा सके.



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सभी सिंचाई परियोजनाएं, महत्वाकांक्षी परियोजनाएं हैं और इनसे संबंधित सभी कार्य समय सीमा में पूरे किए जाएं.राज्य सरकार भी बांधों के रखरखाव के लिए स्थाई मेंटेनेंस पॉलिसी भी तैयार करे जिससे रखरखाव में राशि की कमी बाधा ना बने. उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2026 तक कम से कम 60,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि संचित हो इसके लिए लगातार कार्य किए जाएं उसके बाद 36000 हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित करने के लिए भी लगातार समानांतर कार्य करें. उन्होंने कहा कि कलेक्टर प्रत्येक माह इसकी समीक्षा करें जिससे कार्य की प्रगति लगातार हो सके और जानकारी अद्यतन की जा सके.

उन्होंने निर्देश दिए कि मड़िया एवं चकरपुर डैम के पावर हाउस एवं पंप हाउस का कार्य भी समानांतर रूप से किया जाए. परियोजना अंतर्गत 270.10 मि.घ.मी. कुल जल भराव क्षमता के मड़िया बांध का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जिससे सैंच्य क्षेत्र की सिंचाई आवश्यकता अनुसार पॉवर चैनल से जल छोड़कर 21 मेगावॉट बिजली का उत्पादन करने के उपरांत पुनः नदी में छोड़ दिया जावेगा. उक्त जल का पुनः भंडारण करने हेतु मड़िया बांध में 74.31 मि.घ.मी. कुल जल भराव क्षमता के चकरपुर बांध का निर्माण किया गया है. चकरपुर एवं देहरा बांध से प्रेशराइज्ड़ पाईप के द्वारा सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का निर्माण कर राहतगढ़, खुरई, मालथौन एवं बीना विकासखंड़ों के 282 ग्रामों में 96,000 हे. भूमि की सिंचाई किया जाना है.

## जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज से

**सागर.** संजोग समिति के द्वारा आयोजित अखिल भारतीय जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन 20 और 21 दिसंबर को आदर्श गार्डन सागर में होने जा रहा है. इस वर्ष पत्रिका में भारतवर्ष से 1000 से अधिक युवक-युवतियों की प्रविष्टि शामिल हुई है. समिति के अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया कि 22 वर्षों से यह कार्यक्रम समिति द्वारा आयोजित किया जाता है. इसकी तैयारियां पूरी हो गई है युवक युवतियों का परिचय बायोडाटा रंगीन पुस्तक में प्रकाशित हुआ है. दो दिवसीय कार्यक्रम में संगीत और संचालन के लिए जबलपुर से कलाकारों की टीम सागर आई है और अपनी प्रस्तुति देकर युवक युवतियों को मंच से उनका परिचय कराती है. कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ध्वजारोहण के बाद उद्घाटन अतिथियों के द्वारा होगा.

# निर्माण कार्यों में प्रगति न लाने वाली एजेंसियों को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए

नवभारत न्यूज

**सागर 19 दिसंबर. काम में प्रगति न लाने वाली एजेंसी को तत्काल टर्मिनेट करें, रोड का रीरेस्टोरेशन गुणवत्ता के साथ समय सीमा में करें, पीएचई डब्ल्यूआरडी एवं जल निगम समन्वय के साथ कार्य करें. उक्त निर्देश संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल निगम, अटल भूजल जल एवं संसाधन विभाग की बिंदुवार समीक्षा करते हुए दिए.**

संभाग कमिश्नर श्री सुचारी ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लोकसभा से आंतरिक विभाग एवं जल निगम के द्वारा किए जा रहे कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें और जो एजेंसी समय सीमा में कार्य नहीं कर रही है या उनकी प्रगति नहीं आ रही है उनको तत्काल टर्मिनेट कर नया टेंडर जारी करें जिससे कि समय सीमा में कार्य पूरे हो सकें. उन्होंने कहा इसी प्रकार कार्य होने के पश्चात सड़कों का री रेस्टोरेशन भी गुणवत्ता के साथ किया जावे. उन्होंने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनको हैंडोवर की कार्रवाई की जावे.

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि संभाग में 441 परियोजनाओं के कार्य जो अभी प्रगतिरत है उनका कार्य समय सीमा में किया जावे. उन्होंने कहा कि ओवरहेड टैंक फिल्टर प्लांट पंप हाउस का कार्य साथ-साथ करें जिससे कि सभी कार्य समय सीमा में हों. इसी प्रकार पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी शीघ्र गति से किया जाए और जहां पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है या वाल्व क्षतिग्रस्त हो गए हैं उनको तत्काल ठीक किया जाए. बैठक में बताया गया कि सागर में 9, छतरपुर में 10, पन्ना में चार, दमोह में पांच परियोजनाओं का कार्य चल रहा है जिनमें 10 परियोजनाएं का कार्य पूर्ण हो गया है 18 परियोजनाएं का कार्य प्रगति पर है. संभाग कमिश्नर श्रीसुचारी ने जल निगम के कार्यों में समय सीमा के अनुसार प्रगति न लाने पर असंतोष व्यक्त किया. संभाग कमिश्नर ने बीना संयुक्त सिंचाई एवं बहुउद्देशीय परियोजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की इस परियोजना के अंतर्गत सभी कार्यों को समय सीमा में करें और पानी की सप्लाई शुरू करें. श्री सुचारी ने अटल भूजल की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की संभाग में लगातार भूजल का सर्वे जारी रखें और भूजल स्तर की जानकारी प्रस्तुत करें. संभाग कमिश्नर श्री सुचारी ने निर्देश दिए की धरती आबा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में प्राथमिकता के साथ कार्य करें एवं हर-हर जल पहचाये.

## एक नजर में




### 14 एनसीसी कैडेट्स का भारतीय सेना में चयन

**सागर.** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के 14 एनसीसी 11 एमपी ब्वॉयज बटालियन के कैडेट्स का एक साथ भारतीय सेना की अग्निवीर योजना एवं पैरा मिलिट्री फोर्सेस में चयन हुआ है. प्राचार्य प्रो. सरोज गुप्ता ने चयनित कैडेट्स को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. जयनारायण यादव ने बधाई दी. चयनित कैडेट्स में भानू लोधी, शैलेश गौड, आकाश पटेल, रिंकू अहिरवार, अनुभव लोधी, सचिन सेन, गणेश पटेल, रामेश्वर अहिरवार, संजय साहू, राहुल प्रजापति, मोहित यादव, दीपक कुशवाहा एवं राकेश लोधी शामिल हैं.




### पीपरा विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन संगोष्ठी संपन्न

**सागर.** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पीपरा में कैरियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग का आयोजन किया गया. उक्त कार्यक्रम में अतिथि पीपरा ग्राम सरपंच इंजी. रोहित सिंह एवं पटवारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा करियर में प्रवेश हेतु विस्तार से जानकारी दी गई. मुख्य अतिथि डॉ के कृष्णा राव द्वारा विद्यार्थियों को छोटी कक्षाओं से ही लक्ष्य बनाने तदनुरूप अध्ययन करने का मार्गदर्शन दिया. सुप्रीम कोर्ट की वकील तनुश्री राव एवं एड.कमलेश नायक द्वारा न्यायालय में वकील बनने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया. नरयावली टी आई कपिल लक्षकार द्वारा प्रशासनिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई. इस दौरान शिक्षक उमाशंकर सोनी, सुमन पटेल, डॉ शिल्पी जैन ने संबोधित किया. संयोजन प्राचार्य अखिलेश कुमार गौतम ने किया. स्वागत भाषण सूर्यकांत द्विवेदी, संचालन अरविंद ठाकुर ने किया.



### कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

**सागर.** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने काकागंज वार्ड स्थित वीरांगना झलकारी बाई उद्यान,कला मंच एवं संजय ड्राइव स्थित छोटे तालाब पर किए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्य करने वाली एजेंसी को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए .निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने वीरांगना झलकारी बाई उद्यान में पाथवे, हरियाली, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं कला मंच से संबंधित कार्यों की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.




### आईएमए की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ

**सागर.** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सागर शाखा की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ संपन्न हुआ .इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया' के स्वप्न को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बनाएगी. डीन डॉ. पी.एस. ठाकुर ने भी आईएमए टीम को शुभकामनाएं दी. आईएमए के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने बताया कि यह नया डिजिटल प्लेटफॉर्म आम जनता और चिकित्सा बिरादरी के बीच की दूरी को काफी हद तक कम कर देगा .वेबसाइट तथा यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री से मरीजों और आम लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा. अब संबंधित डॉक्टर से अपॉइंटमेंट लेना भी बेहद आसान हो जाएगा.

# बच्चों को संस्कारित करें : बापू

नवभारत न्यूज

**सागर 19 दिसंबर. खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में संत चिन्मयानंद बापू ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में चतुर्थ स्कंध में ध्रुव जी महाराज का चरित्र आया ध्रुव जी ने मात्र 6 वर्ष की आयु में भगवान को पा लिया था.**

उन्होने कहा कि मानव भागवत कथा हमें यह सिखाती है कि यदि हमें ईश्वर को पाना है तो उसमें उम्र का महत्व नहीं होता है बल्कि भाव और आपके प्रेम का महत्व होता है यदि आपने सच्चे मन से ईश्वर को याद किया और आप का भाव पवित्र है मन पवित्र है तो भगवान भी मिलने में देर नहीं लगाते हैं तत्क्षण भगवान आपको अपनी शरण में ले लेता है ध्रुव जी महाराज की चरित्र से एक शिक्षा हमें यह भी मिलती है कि हम भी अपने बच्चों को छोटे से ही संस्कारित करें ईश्वर की कथाओं से जुड़े और ईश्वर से प्रेम करना सिखाए. बापू ने कहा कि पंचम स्कंध में जड़ भरत की कथा से हमें यह शिक्षा मिलती है कि एक भूल के कारण जड़ भरत जी को तीन जन्म अधिक लेना पड़ा लेकिन परमात्मा के श्री चरणों में उनका प्रेम बना रहा.

# अपराध रोकथाम के लिए जनसंवाद करें

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 19 दिसंबर. एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि के द्वारा विभिन्न थाना चौकियों के भ्रमण के दौरान थाना बंडा, चौकी दलपतपुर, थाना छानबीला, थाना शाहगढ, चौकी हीरापुर, चौकी बराज का निरीक्षण किया.**

एसडीओपी श्री वाल्मीकि के द्वारा अपने अधीनस्थ थाना चोकियों मे पदस्थ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को भ्रमण के दौरान जनसेवा ड्यूटी मे तत्परता पूर्वक, पारदर्शिता से करने तथा जनता की रिपोर्ट पर अबिलंब एक्शन लेकर त्वरित न्याय दिलाने में सहायक की भूमिका निभाने वाले सेतु के रूप मे नैतिक मूल्यों को अग्रणी रखकर कर्तव्य निर्वहन करने के संबंध मे निर्देशित किया. उन्होने पुलिस स्टॉफ को थाने का रिकार्ड, जप्ती माल का उचित संधारण करने, पंजियां अपडेट रखने, थाना प्रांगण स्वच्छ रखने,



साफ सुथरी एवं पूर्ण वर्दी पहनने, दुपहिया वाहन में हेलमेट लगाने के साथ-साथ बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने, प्रत्येक रिपोर्टकर्ता के साथ अच्छे व्यवहार के साथ त्वरित सुनवाई करने के निर्देश दिए गए.



## दंत परीक्षण शिविर

**सागर.** जैन मिलन नगर शाखा सागर क्षेत्र क्रमांक 10 के तत्वाधान में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया. दंत स्पेशलिस्ट डॉ. सौरभ जैन ने मरीजों के दातों की जांच की. अध्यक्ष सुरेंद्र जैन बहरोल ने बताया कि शिविर से लगभग 50 से 60 मरीज लाभान्वित हुए. शिविर में डॉ. सौरभ जैन का सम्मान भी किया गया.

# सुरखी के समग्र विकास के लिए दृढ़संकल्पित

नवभारत न्यूज

**सागर 19 दिसंबर. सुरखी विस क्षेत्र के अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने बिहारी खेड़ा एवं ग्राम बरौदा रहली का दौरा कर ग्रामीण विकास को नई गति दी.**

इस अवसर पर श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों को लेकर प्रदेष में चर्चाओं में है. उन्होंने कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सुरखी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए दृढसंकल्पित हैं. विभिन्न योजनाओं से क्षेत्र की जनता लाभान्वित हो रही है, यह विकास कार्य इसी तरह चलते रहेंगे.



श्री राजपूत ने बिहारी खेड़ा में पंचायत भवन निर्माण हेतु 37.49 लाख की एंव बरौदा रहली में पंचायत भवन के लिए 50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. 15 लाख की 3 सीसी रोड का भूमिपूजन करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने बरौदा रहली में निर्माणाधीन मंगल भवन का निरीक्षण भी किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य उत्तम गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए. इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह हिलगन जिला पंचायत सदस्य, बुंदेल सिंह मंडल अध्यक्ष, सरपंच भरत सिंह, प्रेमसिंह, महेष सिंह ठाकुर, दयाराम कुर्मी, करोड़ी ठाकुर, मनोहर सिंह, रामस्वरूप सिंह, राजाराम सिंह, शिवम सिंह वंशिया मौजूद रहे.

## युवा संगम 22 को

**सागर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसम्बर को शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय के परिसर में प्रात: 11 बजे स किया जा रहा है. आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में कंपनियो के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा. कंपनी प्रतिनिधि द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा.




# डॉली की कहानियां का विमोचन

नवभारत न्यूज

**सागर 19 दिसंबर. भोपाल में 56वें एमपी पेडीकॉन 2025 का आयोजन संपन्न हुआ.**

इस अवसर पर डॉ. वंदना गुप्ता द्वारा रचित बाल साहित्य पुस्तक डॉली की कहानियाँ का विमोचन कॉन्फ्रेंस के उद्धाटन समारोह में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रमुख अतिथियों के द्वारा सम्पन्न हुआ. डॉली की कहानियाँ डॉ वंदना गुप्ता की सोलहवीं पुस्तक है. जिसमें संकलित सभी बाल कहानियाँ प्रेरणास्पद, संस्कारयुक्त एवं जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करने वाली हैं, व्यवहारिकता, सामाजिकता, नैतिक शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जीव दया, स्वास्थ्य जैसे विषयों को प्रस्तुत किया गया है.

# आहरण वितरण अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 19 दिसंबर. आयकर विभाग झांसी द्वारा आयकर आयुक्त कानपुर संजय यादव के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागाध्यक्षों एवं आहरण वितरण अधिकारियों के साथ स्त्रोत पर आयकर की कटौती से संबंधित प्रावधानों को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ.**

इस अवसर पर एडीजे सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति रही. जागरूकता शिविर में आयकर अधिकारी ए.के.सिंह एवं आयकर अधिकारी अजय भूषण द्वारा सरकारी कार्यालयों में पदस्थ वेतनभोगियों को अवगत कराया गया कि वह आधार एवं पैन लिंक करवाये अन्यथा की स्थिति में 20 प्रतिशत की दर से स्त्रोत पर वेतन से कर की कटौती की जायेगी. लेखा विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया कि वह कर्मचारियों एवं व्यक्तिगत कान्ट्रेक्टरों के आधार पैन लिंक न होने की स्थिति में अपरिहार्य रूप से 20 प्रतिशत की दर से स्त्रोत पर कर की कटौती करें.

# जीवन में हमेशा विश्वास रखना सीखो : मुनिश्री

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 19 दिसंबर. जिसको अपने धर्म, गुरु,तथा स्वजनों एवं अपने आप पर अटूट विश्वास होता है वह कितने भी संकट आ जाये वह विचलित नहीं होता.**

उपरोक्त उद्‌गार मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने टड़ा में आयोजित प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किए. मुनि संघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रात:काल मुनि संघ की मंगल अगवानी केसली के टड़ा ग्राम में हुई. मुनिसंघ की शोभायात्रा दिगंबर जैन मंदिर पहुंची एवं मुनि संघ ने विशाल जिनालय के दर्शन किये एवं धर्मसभा तथा आहार चर्या संपन्न हुई. इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने कहा कि मैं सियरमऊ से सिलवानी की ओर



क्या मुड़ा कि आप लोगों का विश्वास ही डगमगा गया.

उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा विश्वास रखना सीखो जिसको अपने गुरु पर अपने धर्म पर तथा अपने स्वजनों, और अपने आप पर विश्वास होता है,वह जिंदगी में कितनी भी बड़ी विपत्ति आजाये या वियोग हो जाये कितनी भी विपरीत परिस्थितियों में वह कभी टूटता नहीं उन परिस्थितियों में वह धर्म के सहारे अपने आपको संभालता है. मुनिश्री ने कहा कि धर्म हमारी विपत्तियों को टालता नहीं,धर्म हमें विपत्तियों में सम्हालना सिखाता है.

उन्होंने कहा कि धर्म के स्वरुप को पहचानों और उसके वस्तु स्वरुप पर विचार करोगे तो आपका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता और कितनी बड़ी से बड़ी विपत्ती में भी आप सामना करने से घबड़ाओगे नहीं. प्रवक्ता श्री जैन ने बताया सांयकालीन शंका समाधान एवं रात्रि विश्राम टड़ा में ही हुआ.

## अधिकारी नियुक्त

**सागर.** निर्वाचक नामावली के कार्यक्रम को अद्यतन और त्रुटिरहित रखने हेतु तथा नये/संभावित मतदाताओं के पंजीकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए निर्वाचक नामावली को अद्यतन किया जा सकें. इस संबंध में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा स्तर पर अधिसूचित किया गया था. जिले की विधानसभा क्षेत्रों में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति की गई है.


**न्यायालय अपर आयुक्त सागर संभाग सागर (म.प्र.)**
**प्रकरण क्रमांक-0815/अ-27/ वर्ष-2025-2026**
**भगवानसींग ठाकुर तनय स्व. पूरनसींग दांगी ठाकुर निवासी ग्राम खैजरा दुगाहा तहसील व जिला सागर.....................अपीलार्थी**
**/ बनाम /**
**रामसींग (फौत) द्वारा-वारिसान, कमलेश बाई पत्नि स्व. रामसींग ठाकुर व अन्य.......................... प्रतिअपीलार्थीगण**

**// आम सूचना //**

एतत : द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में अपीलार्थी भगवानसींग तनय स्व. पूरनसींग दांगी ठाकुर निवासी ग्राम खैजरा दुगाहा तहसील व जिला सागर द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर जिला सागर के राजस्व प्रकरण कमांक-16/अपील/अ-27/वर्ष-2012-2013 में पारित आदेश दिनांक-22-04-2013 से परिवेदित होकर इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई है, जो पक्षकार की तलबी हेतु दिनांक-06-01-2026 को सुनवाई हेतु नियत है, इस आम सूचना के माध्यम से प्रतिअपीलार्थीगण- गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग (फौत) द्वारा वैध वारिस :- 1-श्रीमति सुमतरानी पत्नि स्व. गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग ठाकुर, 2-राजकुमार पिता स्व. गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग ठाकुर, 3-कंबुसिंह पिता स्व. गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग ठाकुर, 4-रामजी पिता स्व. गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग ठाकुर, 5-रामकुमारी पुत्री स्व. गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग ठाकुर, 6- अनीता पुत्री स्व. गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग ठाकुर, 7-बबीता पुत्री स्व. गोविन्द्र उर्फ विन्द्रावन सींग ठाकुर, 2-वीरसिंह पिता स्व. पूरनसिंह ठाकुर समस्त निवासी ग्राम खैजरा दुगाहा तहसील व जिला सागर म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आप सूचना पेशी दिनांक-06-01-2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में अपना पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित रहे अन्यथा आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आपकी रहेगी।

**अपर आयुक्त**
**सागर संभाग सागर**


# घटयात्रा व ध्वजारोहण के साथ विधान प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 19 दिसंबर. पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ हुआ, जिसमें सबसे पहले घटयात्रा एवं ध्वजारोहण किया गया.**

विधान कराने का सौभाग्य, नगर गौरव, वाणीभूषण विद्वान पंडित उदयचंद शास्त्री परिवार द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें उनके पुत्र इंजी. अंशुल सौधर्म इंद्र बनकर, पूजा अर्चना कर रहे हैं. मुनिश्री विभास्वर सागर, मुनिश्री शुद्धोपयोग सागर, मुनिश्री श्रीसागर एवं मुनिश्री श्रम सागर



महाराज के साथ-साथ, क्षुल्लक नयसागर महाराज का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है. ध्वजारोहण डॉक्टर शोभा लाल जैन सपरिवार एवं दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी, एमसी जैन मड़देवरा, सुनील जैन शिक्षक एवं जिनेश बहरोल द्वारा किया गया. विधान की समस्त धार्मिक क्रियाएं, बा.ब्र. अंकित भैया धनेटा और पंडित पवन दीवान द्वारा कराई गईं. इस अवसर पर विधान का समापन 24 दिसंबर को होगा. तत्पश्चात 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक 55 वें योग-चिकित्सा-संस्कार शिक्षण शिविर का भी आयोजन होगा.

# स्वदेशी मेले का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 19 दिसंबर. स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जा रहे स्वदेशी मेला का भूमिपूजन एवं मेला कार्यालय का उद्घाटन पीटीसी ग्राउंड में संपन्न हुआ.**

यह मेला 23 दिसंबर से 4 जनवरी तक लगेगा. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर संगीता तिवारी, समाजसेवी मीना पिंपलापुरे रहीं. स्वदेशी जागरण मंच के मध्य क्षेत्र संयोजक सुधीर दांते ने बताया कि स्वदेशी मेला केवल एक व्यापारिक आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं की सांस्कृतिक, रचनात्मक और व्यापारिक प्रतिभा को निखारने का सुअवसर है. स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने बताया कि स्वदेशी मेला में 30 दिसंबर को सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दिव्य दर्शन कराए जाएंगे. इस दौरान मेला संयोजिका दीप्ति चंदेरिया, मेला प्रांत संयोजक नितिन पटैरिया, स्वदेशी जागरण मंच के महाकौशल प्रांत विभाग संपर्क प्रमुख राजकुमार नामदेव, जिला संयोजक सौरभ रांधेलिया, विभाग प्रशिक्षक रविन्द्र ठाकुर, मेला मीडिया प्रभारी अखिलेश समैया, विनय मलैया, सिद्धार्थ शुक्ला, सुनीता अरिहंत, सुनील सागर, सुष्मिता ठाकुर मौजूद थीं.